>

Title : Need to open level crossing No. 213-C at Himmat Nagar on Ahmedabad -Udaipur railway line at night to give access to the locals for emergency services.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): महोदय, मैं गुजरात राज्य के साबरकंठा संसदीय क्षेत्र का जनप्रतिनिधित्व करता हूं। अहमदाबाद-उदयपुर रेलवे लाइन जो मेरे संसदीय क्षेत्र के मुख्यालय हिम्मतनगर से गुजरती है, इस लाइन पर हिम्मतनगर में फाटक नं. 213सी है, जिस पर दिन के दौरान एक गेटमैन की नियुक्ति है। किन्तु रात्रि के दौरान फाटक बिल्कुल बंद रहता है। 500 से ज्यादा परिवारजनों को रात्रि में चिकित्सा, आपातकाल जैसे हार्ट अटैक, प्रसूति इत्यादि एवे पुलिस सुरक्षा और अग्निशमन सुविधा के लिए रात्रि गेटमैन की नियुक्ति के लिए 7 साल से प्रयत्न करने के बावजूद कार्यवाही नहीं हो रही है। उक्त स्थल गेटमैन की नियुक्ति संबंधी रेलवे के निर्धारित मानदंडों को पूर्ण करता है। जिला मजिस्टेट ने भी सूचित किया है और मैंने भी अपनी सांसद निधि से पूंजी लागत खर्च करने की अनुमति दी हुई है फिर भी यात्री गेटमैन की नियुक्ति नहीं की जा रही है।